भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

जीवन दीप भवन, द्वितीय तल,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण में अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करना

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की स्थापना बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के तहत की गई है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) में अध्यक्ष के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवास और वाहन की सुविधा के बिना अध्यक्ष का समेकित वेतन और भत्ते 4.50 लाख रूपये प्रतिमाह होगा। विस्तृत निबंधन एवं शर्तें वित्तीय सेवाएं विभाग की वेबसाइट http://financialservices.gov.in तथा प्राधिकरण की वेबसाइट http://www.irdai.in पर उपलब्ध हैं।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख 29 मई, 2021 है।

श्री विनोद कुमार
अवर सचिव, भारत सरकार
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
कमरा सं. 10, जीवन दीप भवन, द्वितीय तल,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाषः 23748768

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) में अध्यक्ष के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

1. **अर्हताएं तथा अनुभवः**

(क) आवेदक को निपुण, सत्यनिष्ठ और ख्याति प्राप्त होना चाहिए जिन्हें जीवन बीमा, साधारण बीमा, बीमांकिकी, वित्त, अर्थशास्त्र, विधि, लेखा, प्रशासन अथवा किसी अन्य विषय, जो केंद्र सरकार के विचार में प्राधिकरण के लिए उपयोगी हो, की जानकारी अथवा अनुभव हो।

इसके अतिरिक्त-

(i) आवेदक को कम से कम 30 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए, तथा उन्होंने सचिव, भारत सरकार अथवा भारत सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा अन्य संस्थाओं में सचिव के समकक्ष पद पर कार्य किया हो तथा नेतृत्व और निर्णय लेने के संबंध में प्रमाणिक रिकॉर्ड हो ।

(ii) निजी क्षेत्र के आवेदकों ने किसी बडी वित्तीय संस्था में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा उसके समकक्ष के रूप में कार्य किया हो।

2. **आयुः** आवेदक के पास दिनांक 7.5.2021 की तिथि के अनुसार न्यूनतम दो वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए, अर्थात् उक्त तिथि को आवेदक की आयु 63 वर्ष से अधिक नहीं हो।

3. **वेतन और भत्तेः** वाहन एवं आवास की सुविधा के बिना अध्यक्ष **के** समेकित वेतन और भत्ते 4,50,000/- रुपए प्रतिमाह होंगे। अध्यक्ष की सेवा संबंधी अन्य निबंधन एवं शर्तें बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को देय वेतन तथा भत्ते और सेवा की अन्य निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2000 द्वारा अभिशासित होंगी।

4. कार्यकाल**:** अध्यक्ष का कार्यकाल बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के अंतर्गत संगत उपबंधों और इस संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार होगा, बशर्ते, कोई भी अध्यक्ष पैसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् अपने पद पर नहीं बने रहेंगे।

5. **आवेदन जमा करानाः** आवेदक का संक्षिप्त जीवन-वृत्त और एक पासपोर्ट आकार वाली फोटो तथा तीन व्यक्तियों के नाम एवं संपर्क विवरण के साथ विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन बंद लिफाफे में, जिस पर “अध्यक्ष, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के लिए आवेदन” लिखा हो, निम्न के पास भेजे जाएं:

श्री विनोद कुमार
अवर सचिव, भारत सरकार
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
कमरा सं. 10, जीवन दीप भवन, द्वितीय तल,

संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाषः 011-23748768

6. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29 मई, 2021 है।

नोटः (i) वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, किसी भी स्थिति में, आवेदन प्राप्त न होने अथवा विलंब से प्राप्त होने के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

(ii) नियुक्ति, केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय क्षेत्र विनियामकीय नियुक्ति सर्च समिति की सिफारिश पर की जाएगी। समिति, मेधा के आधार पर किसी भी अन्य व्यक्ति जिसने उक्त पद के लिए आवेदन न किया हो, को चिह्नित तथा अनुशंसित करने के लिए भी स्वतंत्र होगी। समिति उत्कृष्ट उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता तथा अर्हताओं और अनुभव मानदंड में छूट की सिफारिश भी कर सकती है।

(iii) सरकार को प्रशासनिक अनिवार्यता, यदि कोई हो, के कारण, किसी भी स्तर पर चयन और नियुक्ति प्रक्रिया को बिना कोई कारण बताए, निरस्त करने या वापिस लेने का अधिकार होगा।

आवेदन फार्म

____ पद के लिए आवेदन

अपने पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं और उस पर आर-पार हस्ताक्षर करें।

सेवा में,

नाम.....................

अवर सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग,

वित्त मंत्रालय, द्वितीय तल,

जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110 001

<table>
<tr><td>1.</td><td colspan="8">पूरा नाम (साफ अक्षरों में)</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="8">पिता/पति का नाम</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>3.</td><td>जन्मतिथि</td><td>दिन</td><td>माह</td><td>वर्ष</td><td>4.</td><td>आयुः (7-5-2021 को)</td><td>दिन</td><td>माह</td><td>वर्ष</td></tr>
<tr><td>5.</td><td colspan="8">राष्ट्रीयता</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>6.</td><td colspan="8">क) शैक्षिक</td></tr>
<tr><td></td><td>अर्हता</td><td><u>बोर्ड/विश्वविद्यालय</u></td><td><u>उत्तीर्ण होने का वर्ष</u></td><td><u>विषय</u></td><td><u>प्रतिशतता</u></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8">ख) व्यवसायिक</td></tr>
<tr><td></td><td><u>अर्हता</u></td><td><u>बोर्ड/विश्वविद्यालय</u></td><td><u>उत्तीर्ण होने का वर्ष</u></td><td><u>विषय</u></td><td><u>प्रतिशतता</u></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>7.</td><td colspan="8">अनुभव का ब्यौरा और संक्षिप्त सेवा विवरण</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td></td><td>पद (नियमित/तदर्थ)/संगठन का ब्यौरा</td><td><u>अवधि (से - तक)</u></td><td><u>वेतनमान और मूल वेतन</u></td><td><u>कार्य का स्वरूप</u></td><td><u>टिप्पणी/पद से संगत कोई अन्य सूचना</u></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>8.</td><td colspan="8">मौजूदा नियोक्ता/संस्था का नाम/पताः</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>9</td><td colspan="8">वर्तमान में धारित पदः</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>10.</td><td colspan="8">वर्तमान पद पर किस तिथि से कार्यरत हैं:</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8"></td></tr>
<tr><td>11.</td><td colspan="8">पत्राचार हेतु पूर्ण पता, दूरभाष तथा ई-मेल का ब्यौराः</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8">(स्थायी पता)</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="8">(वर्तमान पत्राचार का पता)</td></tr>
<tr><td></td><td>ई-मेल</td><td>दूरभाष</td><td>कार्यालय</td><td>मोबाईल</td></tr>
<tr><td>12.</td><td colspan="8">आवेदन के समर्थन में कोई अन्य संगत सूचना</td></tr>
</table>

घोषणाः

मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, सही एवं पूर्ण हैं। मैं यह जानता हूं कि मेरे द्वारा दिए गए किसी ब्यौरे अथवा सूचना के गलत/अपूर्ण/अयोग्य पाए जाने पर मेरी पात्रता अस्वीकृत अथवा रद्द कर दी जाएगी और नियुक्ति के पश्चात् भी यदि कोई सूचना गलत पायी जाती है तो मेरी सेवा बिना किसी नोटिस के समाप्त की जा सकती है।

संलग्नकों की संख्याः__________ शीट

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

नाम __________________________